

मैंने लगातार तीन सेट जीतकर स्पेनिश खिलाड़ी से फ्रेंच ओपन का बदला ले लिया। अल्काराज, लगातार तीन सालों तक ग्रास-कोर्ट मेजर जीतने वाले 5वें खिलाड़ी बनने का लक्ष्य लेकर चल रहे थे – **यानिक सिनर**

**इटली के टेनिस खिलाड़ी, विम्बलडन खिताब जीतने पर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **साइना नेहवाल**



**बैडमिंटन** खिलाड़ी साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप शादी के सात साल बाद आधिकारिक तौर पर अलग हो गये है। साइना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अगले होने की पुष्टि की। उन्होंने लिखा, कई बार जिंदगी हमें अलग रास्तों पर ले जाती है। सोच-विचार के बाद, कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला लिया है। हम शांति, आगे बढ़ने और खुद को समझने के रास्ते को चुन रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, बीते पलों के लिए शुक्रिया और आगे के लिए शुभकामनाएं। इस समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद।

**क्या आप जानते हैं ?...** रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में 3 दोहरे शतक जड़ चुके हैं और ऐसा करने वाले वो दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं।

## भारत, पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले टूर्नामेंट्स में खेलता रहेगा : मांडविया

नई दिल्ली, 14 जुलाई। एशिया कप 2025 का भविष्य अभी तक अधर में लटका हुआ था, लेकिन अब भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलने पर अपना रुख साफ कर दिया है। एशिया कप कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं है बल्कि ये एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अंतर्गत आता है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते ज्यादा खराब हालत से पहुंच गए थे। इस बीच एशिया कप को लेकर अटकलें थीं कि भारत और पाकिस्तान मैच पर गाज गिर सकती है। जब एशिया कप में भारत और पाकिस्तान मैच का सवाल उठा, तब बीसीसीआई की ओर से स्टेटमेंट आया कि पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया कोई मैच खेलेगी या नहीं, इसके लिए उसे भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी। संसद में भारत के केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने साफ किया कि भारत, पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले टूर्नामेंट्स में खेलता रहेगा। ये भी बताया गया कि बहुत जल्द राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का प्रस्ताव रखा जाएगा। मनसुख मांडविया ने कहा कि, हमारा रुख साफ है। चाहे क्रिकेट हो, हॉकी या कोई अन्य खेल, हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले टूर्नामेंट्स में पाकिस्तान के साथ खेलने में कोई समस्या नहीं है। लेकिन जहां तक द्विपक्षीय सीरीज की बात है मुझे लगता है कि इस पर सरकार का रुख सबको पता है। वहीं कहा जा रहा है कि, एशिया कप 2025 टूर्नामेंट पहले 8 टीमों के बीच खेला जाना था। लेकिन इसमें केवल 6 टीम ही खेलती दिख सकती है। ओमान और हॉन्ग कॉन्ग ने एशिया कप के लिए क्वालिफाई कर लिया था, लेकिन टूर्नामेंट के शेड्यूल और लॉजिस्टिक्स संबंधी समस्या के चलते ओमान और हॉन्ग कॉन्ग शायद ये टूर्नामेंट ना खेलें।


## हमारे ड्रेसिंग रूम में अभी भी मजबूत बल्लेबाज है जो जीत दिला सकते है : वॉशिंगटन

लॉर्ड्स 14 जुलाई। इंग्लैंड की दूसरी पारी में चार विकेट झटकने वाले भारतीय टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि अभी भी हमारे ड्रेसिंग रूम में मजबूत बल्लेबाज है जिनके दम पर हम यह टेस्ट जीत सकते है। चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद वॉशिंगटन ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमने जैसा सोचा था चीजे पूरी तरह से वैसी नहीं हुईं लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ कल आएंगे। ड्रेसिंग रूम में अभी भी हमारे पास काफी मजबूत बल्लेबाज मौजूद हैं। लॉर्ड्स में टेस्ट जीतना बेहद खास होगा। इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को लेकर वॉशिंगटन ने कहा, यह गेंद के साथ मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ दिनों में से एक था, विशेष रूप से भारत के बाहर।

## वरुण ऐरन होंगे सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच

हैदराबाद 14 जुलाई। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण ऐरन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ बतौर गेंदबाजी कोच जुड़ेंगे। ऐरन न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैकलिन की जगह लेंगे। 35 वर्षीय ऐरन पहली कोच के रूप मे शुरुआत करेंगे। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया था। ऐरन डेनियर विटोरी के नेतृत्व वाले स्टाफ का हिस्सा होंगे।

## एथलेटिक्स में 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया



जयपुर , 14 जुलाई। एथलेटिक्स एडहॉक कमेटी कन्वीनर गोपाल सैनी ने बताया कि जिला 23 वर्षीय लडके लडकियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता वैश्य विद्यालय खेल मैदान पर सुबह 7 बजे प्रारम्भ हुई। प्रतियोगिता में लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 22 रनों से हराया



लॉर्ड्स, 14 जुलाई। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स (तीन-तीन विकेट), ब्राइडन कार्स (दो विकेट) तथा क्रिस वोक्स और बशीर अहमद (एक-एकविकेट) की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन रोमांचक मुकाबले में भारत को 22 रनों से हराया।

इससे पहले रवींद्र जडेजा (नाबाद 61) की साहसिक अर्धशतकीय पारी और पिछल्लु बल्लेबाजों जुझारूपन की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धार पर अंकुश लगाते हुए चायकल तक भारत को मैच में बनाये रखा।

चायकाल के बाद भी रोमांचक मुकाबला जारी था। एक ओर जहां भारत के मैच जीतने की कल्पना की जा रही थी वहीं आप इंग्लैंड की जीत की कल्पना कर सकते थे। यहां तक कि एक बार के लिए आप एक बार के लिए ड्रॉ के बारे में भी सोच सकते थे लेकिन मैच इस तरह से समाप्त होगा ऐसा किसी ने सोचा भी नहीं था। बशीर की ऑफ ब्रेक गेंद को सिराज ने बैकफुट जाकर डिफेंस किया गया। डिफेंस अच्छा था लेकिन गेंद जमीन पर गिरने के बाद बैक स्पिन हुई और विकेट पर जाकर लग गई। सिराज सिर झुकाए क्रीज के पास ही खड़े हैं। भाग्य का अदभुत सहारा बशीर और इंग्लैंड को मिला।

भारत ने आज यहां 58 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह जोफ्रा आर्चर ने ऋषभ पंत (नौ) को बोल्डकर भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद बेन स्टोक्स ने के एल राहुल (39) को पगबाधा कर भारत के मैच जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। सातवां विकेट वॉशिंगटन सुंदर (शून्य) को आर्चर ने अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया।

भारत ने भोजनकाल के समय तक आठ विकेट पर 112 रन बना लिये है और रवींद्र जडेजा (नाबाद 17) क्रीज पर है। भारत आठ विकेट पर 112 रन बना लिये है और उसे अभी अभी जीत के लिए 81 रनों की जरुरत है और उसके पास मात्र दो विकेट शेष है। एक समय केएल राहुल के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी की संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए भारत के मैच जीतने की उम्मीद को जिंदा रखा था। लेकिन लंच से ठीक पहले क्रिस बोक्स ने नीतीश कुमार रेड्डी (13) को विकेटकीपर स्मिथ के हाथों कैच आउट कराकर भारत की उम्मीदों को झटका दिया।

भोजनकाल के बाद बल्लेबाजी करने आये जसप्रीत बुमराह ने जहां इंग्लैंड के गेंदबाजों को खूब छकाया वहीं रवींद्र जडेजा इस दौरान स्कोर में इजाफा करते रहे। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना करते हुए एक चौके की मदद से पांच रन बनाये। ऐसा लगने लगा था कि ये दोनो बल्लेबाज भारत को जीत दिला देंगे। इस दौरान रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 62वें ओवर में बेन स्टोक्स ने जसप्रीत बुमराह को आउटकर एक बार फिर भारत की उम्मीदों को झटका दिया। चायकाल तक भारत ने मैच में स्वयं को बनाये रखा और उसे जीत के लिए 30 रनों की दरकार थी। इंग्लैंड ने 74.5 ओवर में भारत को 170 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 22 रनों से जीत लिया। रवींद्र जडेजा ने 181 गेंदों में (नाबाद 61) बनाये।

जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने तीन-तीन विकेट लिये। ब्राइडन कार्स को दो विकेट मिले तथा क्रिस वोक्स और बशीर अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट (104) की शतकीय, जेमी स्मिथ (51) और ब्राइडन कार्स (56) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 387 रनों का स्कोर खड़ा किया था। भारत ने के एल राहुल (100) की शतकीय, ऋषभ पंत (74) रवींद्र जडेजा (72) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 387 रन का स्कोर बनाया था। इसके बाद इंग्लैंड को दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 192 के स्कोर पर समेट दिया था।

## ब्रायडन कार्स ने मारी रवींद्र जडेजा को टक्कर



लॉर्ड्स, 14 जुलाई। भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच का आज आखिरी दिन चल रहा है। इसी बीच रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स के बीच मैदान पर टक्कर हो गई। जिसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि दोंों के बीच बहस हो गई। बाद में इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स को बीच में आकर मामला शांत कराना पड़ा। इंग्लैंड ने भारत को 193 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में भारत की शुरुआत खराब रही और उसने जल्दी-जल्दी विकेट खो दिए।

ये घटना 35वें ओवर की आखिरी गेंद के बाद हुई। जडेजा ने एक शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़े। उसी समय कार्स भी गेंद की तरफ देख रहे थे और दोनों आपस में टकरा गए। कार्स को गुस्सा आ गया क्योंकि उनका संतुलन बिगड़ गया था। जडेजा को भी चोट लग सकती थी। दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद स्टोक्स ने बीच बचाव किया।

वहीं इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जिसमें जडेजा और कार्स के बीच बहस होती दिख रही है। दिन के पहले सेशन में इंग्लैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने भारत के चार बल्लेबाजों को आउट कर दिया। पंत को जोफ्रा आर्चर ने बोल्ड कर दिया और उन्हें गुस्से में मैदान से बाहर जाने का इशारा कर दिया। आर्चर ने पंत को फायरी सेंड ऑफ दिया।

## डकेट के विकेट का जश्न मनाने पर सिराज पर लगा जुर्माना



लॉर्ड्स 14 जुलाई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर बेन डकेट का विकेट लेने पर प्रतिक्रिया स्वरुप जश्न मनाने और बल्लेबाज से टकराने को लेकर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया और एक डेमैरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया।

यह घटना भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन हुई। बेन डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया और वापस लौट रहे बल्लेबाज से टकराने को लेकर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया। 24 महीने की अवधि में यह दूसरी बार है जब उनके खाते मे डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा, आउट होने के बाद, सिराज ने अपने फॉलो-थ्रू में बल्लेबाज के पास जश्न मनाया और डकेट के वापस लौटने पर उनसे टकराये।

# मुझे हमारी टीम के खेल पर गर्व है: शुभमन गिल

लॉर्ड्स, 14 जुलाई। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रवींद्र जडेजा अनुभवी खिलाड़ी है उन्हें कोई संदेश नहीं दिया गया था, मुझे हमारी टीम के खेल पर गर्व है।

रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड के हाथों मिली 22 रनों की करीबी हार पर भारतीय कप्तान

शुभमन गिल ने कहा, हमारी टीम ने जिस तरह का खेल दिखाया, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी टेस्ट मैच इससे अधिक करीबी नहीं हो सकता। हालांकि हमारी टीम जिस तरह से अंत तक प्रयास करती रही, वह कमाल का था। आज सुबह हम बेहद आत्मविश्वास के साथ उतरे थे। हमारे पास अभी भी पर्याप्त बल्लेबाजी शेष थी। हमें टॉप ऑर्डर से दो अच्छी साझेदारियों की आवश्यकता थी, लेकिन हम वो नहीं कर पाए। इंग्लैंड ने हमसे बेहतर खेला। फिर भी, उम्मीद हमेशा बनी रहती है। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था। एक साझेदारी बनती तो हम वापस मैच में आ सकते थे। जडेजा अनुभवी खिलाड़ी हैं, उन्हें कोई संदेश नहीं दिया गया था। बस इतना कहा था कि वो और टेल बल्लेबाजी करते रहें।

गिल ने पंत के रनआउट पर कहा, पहली पारी में बढ़त मिलना हमारे लिए बहुत अहम हो सकता था। अगर हमारे पास 80 या उससे अधिक रनों की लीड होती तो शायद हम मैच में आगे होते। हमें पता था कि इस पिच पर



पांचवें दिन किसी भी स्कोर का पीछा करना आसान नहीं होगा।

उन्होंने कहा, चौथी पारी में सब कुछ बहुत तेज़ी से बदल गया। आखीरी घंटे में हम थोड़ा और बेहतर तरीके से खेल सकते थे। और आज सुबह इंग्लैंड ने बहुत स्पष्ट योजनाओं के साथ गेंदबाजी की। उन्होंने सीरीज को लेकर कहा, सीरीज का स्कोर हमारी असल खेल की तस्वीर नहीं दिखाता। मुझे लगता है कि अब तक हमने बेहद अच्छा खेल दिखाया है। क्या बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आपको पता चल जाएगा।

## गिल ने इंग्लैंड में राहुल द्रविड़ का पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

लॉर्ड्स, 14 जुलाई। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने 13 जुलाई को इंग्लैंड की धरती पर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पूर्व भारतीय क्रिकेटर राहुल द्रविड़ का 23 साल पुराना रिकॉर्ड धवस्त किया। गिल इंग्लैंड की धरती पर किसी टेस्ट सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में गिल ने 2 रन बनाने के साथ ही ये बड़ा मुकाम अपने नाम किया है।वहीं शुभमन गिल के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में 3 मैचों की 6 पारियों में अब तक कुल 603 रन बना लिए हैं।

दरअसल, साल 2002 में राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज में 602 रन बनाए थे।


इंग्लैंड में भारत के लिए टेस्ट सीरीज में द्रविड़ ही सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय थे, लेकिन अब शुभमन गिल ने केवल तीन मैचों की 6 पारियों में 603 रन बनाकर उन्हें पछाड़ दिया हैं।

लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में गिल सिर्फ 16 रन बना सके थे, लेकिन दूसरी पारी में 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर दो रन लेकर उन्होंने द्रविड़ का 23 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

वहीं भारत के लिए टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 टेस्ट में 732 रन बनाए थे। गिल के पास अब कोहली और गावस्कर दोनों के रिकॉर्ड तोड़ने का बेहतरीन मौका है। किंग कोहली ने बतौर कप्तान 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच में 655 रन बनाए थे। वहीं साल 2017 में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों में 610 रन बनाए थे।

## यानिक सिनर बने विंबललडन 2025 के चैंपियन, कार्लोस अल्काराज को फाइनल में दी मात

लंदन, 14 जुलाई। दुनिया के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी ने अपनी उपलब्धियों में विंबललडन का इजाफा कर दिया है। दरअसल, रविवार देर रात चले फाइनल मुकाबले में कार्लोस अल्काराज को हराकर यानिक सिनर ने अपना पहला विंबलडन खिताब जीता है। सेंटर कोर्ट में 3 घंटे और 4 मिनट तक चले इस खिताबी मुकाबले में इटली के इस स्टार खिलाड़ी ने स्पेन के अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4 से हराया।अल्काराज ने पहला सेट 6-4 से जीतकर सिनर पर बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद वे इसे कामयाब रखने में नाकाम रहे और लगातार तीन सेट सिनर ने जीतकर स्पेनिश खिलाड़ी से फ्रेंच ओपन का बदला ले लिया। अल्काराज, लगातार तीन सालों तक ग्रास-कोर्ट मेजर जीतने वाले 5वें





खिलाड़ी बनने का लक्ष्य लेकर चल रहे थे और उन्होंने बेहतरीन शुरूआत की लेकिन जल्द ही उनकी लय डगमगाई और सिनर के हाथों में खिताब चला गया।

वहीं इस हार से पहले अल्काराज ने 24 मैचों की जीत का सिलसिला जारी रखा था- इटैलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और क्वींस क्लब चैंपियनशिप में उन्होंने खिताबी जीत हासिल की थी। स्पेनिश खिलाड़ी ने अपनी जीत के इस सिलसिले को विंबलडन सेमीफाइनल तक जारी रखा। फाइनल में उन्हें सिनर के हाथों निराशा झेलनी पड़ी। ये जीत सिनर के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि उन्हें इसके पहले अल्काराज के खिलाफ अपने सभी 5 मुकाबलों में हार झेलनी पड़ी थी। लेकिन सिनर ने शांति से अगले चार प्वाइंट अपने नाम कर जीत हासिल कर ली। जब सेट खत्म हुआ तो सिनर ने दोनों हाथ अपनी सफ़ेद टोपी पर रख लिए। नेट पर अल्काराज को गले लगाने के बाद सिनर सिर झुकाकर कोर्ट पर झुक गए और फिर अपनी दाहिनी हथेली घास पर रख दी। सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार को सच में पीछे छोड़ दिया और दिखा दिया कि अल्काराज के साथ उनका मुकाबला आने वाले वर्षों तक टेनिस प्रशंसकों को खुश कर सकता है।

## जोधपुर कोषाध्यक्ष भूपेंद्र भाटी का सट्टेबाजी करते हुए गिरफ्तार होना प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों और खेल के लिए चिंता का विषय : सुमीत

जयपुर, 14 जुलाई। डॉ सुमीत गर्ग, सचिव, जिला क्रिकेट संघ, सवाई माधोपुर ने बताया कि भूपेंद्र भाटी न केवल जिला क्रिकेट संघ, जोधपुर के कोषाध्यक्ष हैं, बल्कि आईपीएल की फ्रेंचाइज़ी राजस्थान रॉयल्स से जुड़े होने के





साथ-साथ राजस्थान रॉयल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी, जो राजस्थान में आईपीएल मैच आयोजन के प्रमुख कर्ताधर्ता माने जाते हैं, के सबसे निकटतम व्यक्ति हैं और उन्हीं की ओर से राजस्थान में आयोजित होने वाले आईपीएल मेचों का महत्वपूर्ण कार्य भी देखते हैं। इसके साथ ही भूपेंद्र भाटी बीसीसीआई के अधिकृत स्कोरर भी हैं, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैचों में स्कोरिंग का कार्य करते हैं। यह तथ्य अपने आप में और भी गंभीर चिंता का विषय है । अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस पूरे मामले में वे बड़ी मछलियाँ कौन हैं, जिनका संरक्षण इस रैकेट को मिल रहा था? सरकार को चाहिए कि उन प्रभावशाली नामों को बचाने की बजाय सच्चाई को सामने लाए, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे और यह सुनिश्चित करे कि क्रिकेट और प्रदेश के युवाओं के भविष्य से कोई खिलवाड़ न हो सके।

हमारी माँग है कि राजस्थान रॉयल्स और राजस्थान क्रिकेट संघ इस पूरे प्रकरण पर तत्काल सार्वजनिक स्पष्टीकरण दें। बीसीसीआई को भी सामने आकर अपना पक्ष रखते हुए यह बताना चाहिए कि उनके अधिकृत स्कोरर के सट्टेबाजी में संलिप्त पाए जाने पर वे क्या कार्रवाई कर रहे हैं। सरकार निष्पक्ष, गहन और व्यापक जाँच कर इस पूरे रैकेट में शामिल बड़े और प्रभावशाली नामों को बेनकाब करे। दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाए, ताकि क्रिकेट की पवित्रता और युवाओं का भरोसा बरकरार रह सके।

क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं की उम्मीद, प्रेरणा और देश की साख का प्रतीक है इसे किसी भी कीमत पर दूषित नहीं होने देना चाहिए पूरे मामले की गहन जांच कर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

# जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष बने भूपेंद्र सिंह भाटी भी गिरफ्तार जुआरियों में शामिल

### भूपेंद्र राजस्थान रॉयल्स से भी जुड़ा रहा, अभी बीसीसीआई ऑफिशियल स्कोरर

जयपुर, 14 जुलाई। तीन माह पहले जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष बने भूपेंद्र सिंह भाटी भी जुआरियों में शामिल थे। एसीपी आनंदसिंह राजपुरोहित के अनुसार पुलिस को पूछताछ में भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वे वर्तमान में डीसीए जोधपुर के कोषाध्यक्ष पद पर हैं। इसके अलावा ऑफिशियल स्कोरर ऑफ बीसीसीआई एंड आरसीए भी हैं। भूपेंद्र सिंह राजस्थान रॉयल्स से भी जुड़े रहे हैं। गत वर्ष अगस्त में आरसीए द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पिच क्यूरेटर की सेमिनार में जोधपुर जिले का प्रतिनिधित्व किया। उस समय तापोश चटर्जी ने इनको ट्रेनिंग दी। इससे पहले बीसीसीआई के स्कोरर भी बने। गंभीर बात यह है कि लंबी जद्दोजहद के बाद डीसीए की जो भारी भरकम टीम बनी, उसमें कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी भूपेंद्रसिंह को दी गई। ऐसे में कोषाध्यक्ष के पद पर रहते हुए इनके कार्यकाल में हुए चयन ट्रायल और स्कोरिंग को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। बोरानाडा थाना पुलिस ने शनिवार रात को एक फार्म हाउस पर छापा मारकर जुआ और सट्टा खेल रहे 50 जुआरियों सहित 52 लोगों को गिरफ्तार किया। 27 पुलिसकर्मियों की टीम ने छापामारी में मौके से 91 ग्राम अफीम का दूध भी बरामद किया। कार्रवाई में जुआ खेलते हुए जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष भूपेंद्रसिंह भाटी भी गिरफ्तार हुए। इनके अलावा कई बिजनेसमैन भी पकड़े गए हैं। गंगाणा झंवर रोड स्थित अयोध्या फार्म हाउस में बड़ी संख्या में लोग जुआ और सट्टा खेल रहे हैं।



वहां शराब और हुक्का भी परोसा जा रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फार्म हाउस को चारों ओर से घेर लिया। मौके पर 50 जुआरी तीन पत्ती और कॉइन के जरिए जुआ व सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने सभी जुआरियों की तलाशी ली तो उनके पास से 5 लाख 69 हजार नकद, जुआ-सट्टा के लिए प्रयोग में ली जाने वाली 5 लाख रुपए से अधिक के कॉइन्स, ताश के पत्ते, हुक्का व फ्लेवर, मोबाइल, स्मार्ट वॉच, 23 लग्जरी कारें और बीयर की बोतलें बरामद हुईं। पुलिस ने धूम्रपान अधिनियम, जुआ एक्ट, आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी आनंदसिंह राजपुरोहित ने बताया कि कार्वाई में जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह निवासी धांगड़वास भी पकड़े गए हैं।

**ये बरामद :** 5.69 लाख नकद, 5 लाख से अधिक राशि के कॉइंस, 23 लग्जरी कारें, 63 मोबाइल, 2 स्मार्ट वॉच, 91 ग्राम अफीम का दूध, 26 बीयर की बोतलें, 9 हुक्का सैट, 20 पैकेट हुक्का फ्लेवर।



**जोधपुर** जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भाटी का मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है। फिर भी अगर जांच में दोषी पाए गए तो आरसीए एडहॉक कमेटी सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।

**डी. डी. कुमावत, कन्वीनर,**
**आरसीए एडहॉक कमेटी**

## पीएसजी को हराकर चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप का खिताब



न्यूयॉर्क, 14 जुलाई। कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गये दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गये फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया।मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं सांचेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का सम्मान से नवाजा गया।